## सार-समाचार

### धरना-प्रदर्शन स्थगित



**डूंगरपुर, (निसं)।** राजमेस के अधीन कार्यरत समस्त यु.टी.बी.कार्मिकों का अपनी मांगो को लेकर 11 फरवरी से प्रारंभ हुए दो घंटे कार्य बहिष्कार एवं धरना प्रदर्शन 9 वें दिन बुधवार को आश्वासन मिलने पर सात दिवस के लिए स्थगित कर दिया गया है।डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज यूटीबी कर्मचारियों द्वारा राजमेस सद्बुद्धी यज्ञ किया। उक्त सन्दर्भ में राजमेस जयपुर द्वारा संचालित सात मेडिकल कोलेज डूॅगरपुर, बाडमरे, भीलवाडा, भरतपुर, चुरू, सीकर, पाली के अधीन कार्यरत समस्त यु.टी.बी.कार्मिकों द्वारा अपनी मांगो को न मानने के कारण गत 11 फरवरी से प्रारंभ हुआ दो घंटे का कार्य बहिष्कार एवं धरना प्रदर्शन को अम्बरीश कुमार सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग राजस्थान–जयपुर द्वारा मिले आश्वासन के बुधवार को 2 घण्टें कार्य बहिष्कार के प्रदर्शन को सात दिवस के लिए स्थगित किया। साथ ही मेडिकल कॉलजे डूंगरपुर के कर्मचारियों के द्वारा राजमेस सद्बुद्धी यज्ञ किया और प्रार्थना की गई की राजमेस अपनी सद्बुद्धी का सद्उपयोग करते हुए राजमेस में कार्यरत यू.टी.बी.कर्मचारियों को नियमित करनें एवं वेतन वृद्धि की मांग को अतिशीघ्र पूर्ण करने की मांग की है। यू.टी.बी.कर्मचारियों ने बताया कि भविष्य में मांगो को न मानने पर आदोलन को उग्र करने की चेतावनी दी। इस सद्बुद्धि यज्ञ में में यु.टी.बी.कार्मिक रोहित चौबीसा यू.टी.बी.अध्यक्ष डूंगरपुर, प्रभु पाण्डेय सचिव एवं अन्य यू.टी.बी. कर्मचारी रॉकी जोहियाला, योगेश चौबीसा, सुरेश जैन, पुष्पेन्द्र पण्ड्या, जितेन्द्र बरण्डा, किर्ती, जशोदा मेनात, पवन चलवा, निरज मीणा,अनिल कलासुआ, विनय कटारा, अर्जुनसिंह दरोगा, विशाल व्यास, विनय कटारा, लखन सुथार, अनिता शर्मा उपस्थित रहे।

### बेटे के साथ कुएं में मिला मां का शव

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाडा थाना क्षेत्र के आमझरा गांव में एक महिला और उसके 2 साल के बच्चे का शव कुएं में मिलने के बाद सनसनी फैल गई। दोनों 15 दिन से घर से गायब थे। शव को कुएं से निकालने के बाद बिछीवाडा अस्पताल के मोर्चरी में रखवाए गए है। 3 महीने से पीहर में रह रही महिला के ससुराल के लोगों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम होगा। बिछीवाडा थाने के हेड कॉनि. ने बताया कि आमझरा गांव में महिला ओर उसके 2 साल के बच्चे के शव कुएं में मिले है। बुधवार सुबह स्कूल जा रहे बच्चों ने बिना मुंडेर के कुएं में महिला का शव पानी में तैरते हुए देखा। इसके बाद बच्चों ने आसपास के लोगों को बताया। घटना का पता लगने पर गांव के लोग इकट्ठे हो गए। महिला की पहचान इंदु कुंवर पटनी गुलाब सिंह चौहान निवासी खेलथाना पुलिस थाना ओगणा उदयपुर हाल पिता के घर आमझरा के रूप में की गई। कुएं में महिला के साथ ही उसके 2 साल के बच्चे दिगपाल सिंह का शव भी मिला। परिजनों ने बताया कि महिला अपने दो साल के बेटे के साथ दिवाली के बाद से ही पीहर में रह रही थी। 15 दिन पहले ही महिला बच्चे को लेकर घर से निकल गई थी। पिता और घर के लोगो ने कई जगह तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका था। आज घर से 500 मीटर दूर कुएं में शव मिला। पुलिस ने चारपाई को रस्सी से चारों कोनों से बांधकर कुएं में उतारा, इसके बाद ही दोनों शव बाहर निकाले जा सके। दोनों के शव पुराने होने से बदबू आ रही थी। पुलिस ने उसके शब को बिछीवाडा अस्पताल के मोर्चरी में रखवाए हैं। उदयपुर से ससुराल पक्ष के लोगो के आने के बाद ही पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई होगी।

### फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन

**कपासन, (निसं)।** उपखण्ड अधिकारी राजेश सुवालका द्वारा तहसील में ग्राम पंचायत बनाकिया कलां में 17फरवरी से प्रारंभ तीन दिवसीय शिविर का निरीक्षण किया गया। सुवालका द्वारा बताया गया कि दिनांक 20फरवरी से 22फरवरी तक ठााम पंचायत मुंगाना में शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जिन कृषक की भूमि तहसील क्षेत्र में स्थित है, वे अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। तहसीलदार मोहम्मद नासीर बेग द्वारा बताया गया कि शिविर में कुल 578 व्यक्ति उपस्थित हुये एवं कुल 501 रजिस्ट्रेशन किये गये। विकास अधिकारी कपासन, जनप्रतिनिधि कालुराम अहीर, पटवारी नरेश चौधरी, निधि जैन, स्वीटी भटनागर, लीला जाट, अमित चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी राहुल आचार्य, रामेश्वर सालवी, संदीप नरुका आदि उपस्थित रहे।

### कार-बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र की भंडारिया घाटी में कार और बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। दूसरा युवक घायल हो गया। मृतक की पहचान उदयपुर पिपलापारा निवासी दिलीप गुर्जर के रूप में हुई है। कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर के अनुसार मृतक के पिता कालू गुर्जर ने पुलिस को बताया कि दिलीप और उसका साथी सुरेश गुर्जर काम से डूंगरपुर के मेवाडा गए थे। वापसी के दौरान रात में भंडारिया घाटी के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को डूंगरपुर जिला अस्पताल लाया गया। दिलीप की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### युवती को भगाने का आरोप

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के सिदडी खेरवाडा निवासी मीरा पत्नी मेघराज रोत ने उसकी नाबालिग पुत्री को भगा कर ले जाने का तीन जनों सहित अन्य जनों पर आरोप लगाते हुए डीवाईएसपी को नामजद ज्ञापन सौपा है। श्रीमती मीरा ने ज्ञापन में बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को 31 दिसम्बर के दिन मनोज परमार पुत्र भंवरलाल परमार,भंवरलाल पुत्र विष्णु परमार, श्रीमती कमला पत्नी भंवरलाल परमार सहित अन्य जनों ने मिल कर भगाकर ले जाने का आरोप लगाया है। उसकी पुत्री को मनोज परमार व उसका अन्य साथी उस दिन करीब सायं 6 बजे घर पर स्कूटी लेकर आया और मेरी पुत्री को जबरन स्कूटी पर बैठाया जब तक बीच बचाव करते तब तक वह वहां से भाग निकले थे। प्रार्थिया ने उसकी पुत्री को भगाने का दोवडा थाना पर प्रकरण दर्ज करवाया। इस प्रकरण का पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नहीं करने पर प्रार्थिया ने बुधवार को डीवाईएसपी के समक्ष उपस्थित होकर पुत्री को भगाने वालो के विरूद्व कार्यवाही कर न्याय की गुहार लगाई है। प्रार्थिया ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री के साथ मनोज परमार नामक युवक द्वारा दुष्कर्म कर इधर उधर बिछाने का भी आरोप लगाया है। प्रार्थिया द्वारा उक्त मुल्जिमो से पूछताछ करने पर उल्टे मारपीट पर उतारू होते है। पुत्री के साथ कोई संगीन वारदात कर सकते है। समय रहते इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच करा न्याय की मांग की है।

### निगम ने फिर दो इमारतों को किया सीज

**उदयपुर,(कासं)।** नगर निगम द्वारा लगातार यूडी टैक्स वसूली को लेकर सख्त कार्रवाई लगातार जारी है,बुधवार को एक बार फिर से राजस्व शाखा द्वारा दो प्रतिष्ठानों को सीज किया गया। नगर निगम राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर ने बताया कि आयुक्त राम प्रकाश के निर्देश पर नगरीय विकास कर वसूलने को लेकर फिर बडी कार्यवाही करते हुए दो संपतियों को सीज किया गया। बुधवार को सेक्टर 4 में विद्या नगर सुदर्शन एन्क्लेव के सामने स्थित संजय डांगी की संपत्ति जिसका नगरीय विकास कर कुल 1०लाख 44 हजार995 रूपये बकाया था जिसे सीज किया गया। वहीं सब सिटी सेंटर कुश एंटरप्राइज गोल्डमाइन फर्नीचर की संपत्ति जिसका 8लाख43हजार424रुपए का नगरीय विकास कर बकाया था जिसे भी सीज किया गया। इनके द्वारा नगरीय विकास कर की राशि जमा नहीं कराने से नगर निगम द्वारा इन व्यावसायिक सम्पतियों पर ताला लगा इनकी व्यावसायिक गतिविधियाँ बन्द करा दी गई। कार्यवाही के दौरान राजस्व अधिकारी के साथ सहायक प्रशासनिक अधिकारी विनोद अग्रवाल और भारी पुलिस बल मौजूद रहा। नगर निगम द्वारा यू डी टैक्स वसूली को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। आयुक्त राम प्रकाश ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि नगरीय विकास कर सरकार द्वारा हर हाल में वसूल किया जाएगा। 1 वर्ष पश्चात राज्य सरकार द्वारा इसमें छूट प्रदान की गई है जिसका शहरवासी लाभ लेवे।

# पांच करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की समीक्षा की

**राजसमंद,** (निसं)। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में समस्त विभागों के वर्तमान में चल रहे 5 करोड से अधिक लागत के विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, कार्यकारी एजेंसियों के अधिकारी, संवेदक आदि मौजूद रहे। कलक्टर ने एक–एक कार्य पर बारीकी से संबंधित कार्यकारी एजेंसी और विभाग के प्रभारी अधिकारी से पूछा और कहा

- **निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करें, नवनिर्मित भवनों के परिसर में कम से कम 50 पेड़ अवश्य लगाएं : कलेक्टर**



**जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित 5 करोड से अधिक लागत के कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा।**

कि कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें, ताकि लोगों को समुचित रूप से इन कार्यों का लाभ मिल सकें।

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि सभी बिल्डिंग कार्यों को हेंड ओवर करने से पूर्व परिसर में न्यूनतम 5० पेड लगाए जाने सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने यह भी कहा कि अब वे हर माह बैठक लेकर 5 करोड से अधिक लागत के विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। कलक्टर ने आरडीएसएस के कार्यों में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए गति बढाने के निर्देश दिए। इसके अलावा पीएचईडी के 133 करोड की लागत के बाघेरी–चिकलवास पुर्नगठन पेयजल परियोजना के साथ–साथ ग्रामीण जल योजना जुणदा, लापस्या ग्रामीण जल योजना कोटडी–काबरा–खडबामनिया, भैंसाकमेड, उसरवास, रेबारियों की ढाणी, बडी बल्लों की भागल योजना की समीक्षा की। चिकित्सा विभाग के तहत 4० करोड की लागत से उपजिला चिकित्सालय भीम के अलावा 5० बैडेड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आमेट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धनेरिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नेडच, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनेडिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठारिया के कार्यों की प्रगति पर बारीकी से जानकारी ली। आईटीआई भवन देवगढ, खमनोर एवं भीम का निर्माण के साथ ही 9 करोड के इन्डोर स्टेडियम निर्माण, 21 करोड के बीएससी नर्सिंग कॉलेज भवन निर्माण, 37.6० करोड की लागत से राजकीय आयुर्वेद योगा एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र नाथद्वारा निर्माण, 15० करोड के राजसमन्द बांध मे जल की आवक में अभिवृद्धि करने के लिए खारी फीडर की प्रवाह क्षमता को बढाने के लिए शेष रहे जीर्णोद्धार तथा आवश्यक मरम्मत कार्य, 5 करोड के आगरिया फीडर का पुनरूद्धार कार्य (कुम्भलगढ) की समीक्षा की। इसी तरह 3० करोड की लागत से मेडिटूरिज्म एवं वेलनेस सेंटर बिल्ली की भागल नाथद्वारा का कार्य, रूडिप के तहत 1०6 करोड के नाथद्वारा शहर में गैर राजस्व जल को घटाने एवं नियमित जलापूर्ति के लिए जल उत्पादन एवं वितरण प्रणाली के सुदृढीकरण का कार्य व 1० वर्ष का रखरखाव एवं संचालन का कार्यों के लेकर कार्यकारी एजेंसी एवं विभाग से समीक्षा करते हुए जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# अमृता हाट बाजार में कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति




**अमृता हाट बाजार में केंद्रीय संचार ब्यूरो के कलाकार प्रस्तुति देते।**

**उदयपुर,** (कासं)। महिला अधिकारिता एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित उदयपुर जिला मुख्यालय पर भण्डारी दर्शक मंडप में संभाग स्तरीय अमृता हाट मेले में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो के पंजीकृत दल लीला देवी एंड पार्टी के कलाकारों द्वारा ब्यूरो के प्रदर्शक राजू जोहरी के नेतृत्व में मेले में खरीदारी करने आ रहे लोगों को अपनी कला के माध्यम से प्रस्तुति देकर मनोरंजन किया जा रहा है ।

मेले में कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुतियों एवं गायन के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढाओं, पोषण अभियान, विकसित भारत 2047 एवं संविधान के 75 वर्ष के बारे में जानकारी दी जा रही है। मेले में केन्द्रीय संचार ब्यूरो के पंजीकृत कलाकारों द्वारा तेरहताल, चरी नृत्य, घूमर, भवई नृत्य की प्रस्तुति देकर बेटी बचाओ बेटी पढाओ, पोषण अभियान के बारे में गीत गायन के माध्यम से आने वाले दर्शकों, महिलाओं को जानकारी दी जा रही है । मेले के दौरान केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक आर.एल. मीना एव महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक संजय जोशी उपस्थित रहे।

## उदयपुर से होकर गुजरेगा ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट

**उदयपुर,** (कासं)। नेहरू युवा केंद्रए युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित अंतर.राज्यीय युवा आदान.प्रदान कार्यक्रम के दूसरे दिन कश्मीरी युवाओं को उदयपुर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया गया। दिन की शुरुआत जगदीश मंदिर के दर्शन से हुई,जहां युवाओं ने राजस्थानी स्थापत्य कला और मंदिर की ऐतिहासिक महत्ता को समझा। इसके पश्चात उन्हें सिटी पैलेस का भ्रमण कराया गया जहां उन्होंने मेवाड राजघराने की समृद्ध संस्कृति और विरासत के बारे में जाना।दोपहर के भोजन के उपरांत युवाओं को उदयपुर के प्रसिद्ध हथीपोल बाजार ले जाया गयाए जहां उन्होंने स्थानीय हस्तशिल्प,पारंपरिक परिधान और राजस्थानी कला की झलक देखी। इसके बाद पुराने उदयपुर के अमराई घाट और गणगौर घाट का भ्रमण किया गया, जहां उन्होंने पिछोला झील की सुंदरता और शहर के ऐतिहासिक परिदृश्य का आनंद लिया। शाम के सत्र में प्रतिभागियों को बगोर की हवेली में आयोजित संगीत एवं संस्कृति कार्यक्रम में शामिल किया गया। इस दौरान उन्होंने राजस्थानी लोकनृत्य,संगीत और कला का सजीव प्रदर्शन देखा जिससे वे राजस्थान की सांस्कृतिक स्मृद्धि से प्रभावित हुए।

## किशोर की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में रेल्वे ट्रेक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मठ मादड़ी निवासी किशनलाल पुत्र अशोकर हरिजन की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

# युवक ने की आत्महत्या

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में युवक ने सिक्सलेन पुलिया से कूद कर आत्महत्या कर ली।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हिरणमगरी थाना क्षेत्र पाराखेत सिक्स लेन हाईवे पुलिया से 70 फिट निचे कूद कर कानपुर पाटिया निवासी यश पाण्डोर पुत्र बालकृष्ण पाण्डोर ने आत्महत्या कर ली। 17 फरवरी रात में यश बाइक लेकर घर से निकला था। दूसरे दिन सवेरे उसका शव हाइवे से निचे रोड़ पर पड़ा मिला तथा बाइक हाइवे पर खड़ी थी। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक को मोर्चरी में रखवा कर परिजनों की तलाश कर सूचना दी।

# विदाई समारोह व पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

**उदयपुर** । जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ कुल द्वारा संचालित श्री मन्नारायण उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं ओसीडीसी विद्यालय के विद्यार्थियों की ओर से बुधवार को एग्रीकल्चर महाविद्यालय के सभागार में विदाई समारोह एवं पारितोषिक वितरण समारोह का शुभारंभ कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, प्रो. आईजे माथुर, डॉ.रचना राठौड़, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव ने किया। प्रारंभ में प्रधानाचार्य राजकुमारी सनाढ्य ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में छात्र छात्राओं ने खम्मा घणी – खम्मा घणी म्हारे रजपुता ने खमा घणी , काली – काली गाडी में घुमा दे भरतार, पधारो म्हारे देश , घुमर, बनी थारो चांद सरको मुखडो कटे नजर न लाग जाये..., एकल नृत्य समदरियो लहरा लेवे सा, ओ म्हारा मीठोडा मेहमान, सहित पंजाबी, राजस्थानी रिमिक्स गानों पर प्रस्तुतियॉ दे अतिथियो का मन मोह लिया।




**उत्कृष्ट विद्यार्थियों का प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने सम्मान किया।**

कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने उत्कृष्ट विद्यार्थी व विद्यालय द्वारा आयोजित सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों सम्मानित करते हुए कहा कि संस्कार से विचार आते है और वो विचार हमारे व्यवहार में बदलते है और व्यवहार से व्यक्ति का आचरण व आचार बनता है। युवाओं का आव्हान किया कि कडी मेहनत करके उंचाईयों की उडान के साथ शिखर को छूए, लेकिन अपनी संस्कृति, परम्परा एवं माता पिता को भूले, उनका पूरा मान सम्मान करें।

कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि विद्यापीठ संस्थान ने देश ही नहीं विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बनाई है।ै। संचालन रिद्म गुर्जर, वृत्तिका गुर्जर , आभार कृष्णकुमार ने जताया। समारोह में मनीषा पालीवाल, भावना श्रीमाली, हितेष पालीवाल, सुरेश चंद आमेटा, रिद्म गुर्जर, टीना परिहार, मेघना रावल, मदन सिंह, राजेन्द्र सिंह शक्तावत, वृत्तिका गुर्जर, साजदा बानो, उन्नति व्यास, मंजु पाटीदार, मोनिका चौधरी, किरण पाटीदार, तन्वी श्रीमाली सहित संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### बजट में उदयपुर जिले को मिली कई सौगातें

**उदयपुर,** (कासं)। वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को विधानसभा में राज्य बजट प्रस्तुत किया। इस दौरान युवा, किसान, नौकरीपेशा, महिलाओं सहित हर वर्ग के लिए घोषणाएं की गई। उदयपुर जिले को भी राज्य बजट में ढेरों सौगातें मिली। बजट को लेकर सभी ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया। उदयपुर के ऋषभदेव सहित दक्षिणी राजस्थान के महत्वपूर्ण धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक केंद्रों को शामिल करते हुए 100 करोड की लागत से ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जएगा। उदयपुर शहर में जलापूर्ति के सर्विस लेवल, सप्लाई अंतराल व प्रेशर में सुधार संबंधी कार्य होंगे। उदयपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ माइंस की स्थापना की जाएगी भारोडी से पलानाकलां वाया छोटी खेडी होते हुए भानसोल एनएच तक सडक (8 किमी.) (मावली)– उदयपुर– 16 करोड रूपये । मेजर डिस्ट्रीक्ट रोड सुदृढीकरण के तहत कोटडा क्षेत्र में (11 किमी.) सडक का सुदृढीकरण । 7०करोड रूपये की लागत से भीण्डर से पाणुन्दफिला, भमरासिया से कुराबड एमडीआर सडक का पुनर्निमाण व चौडाईकरण (35 किमी.) (वल्लभनगर) ,उदयपुर में बलिचा तिराहे पर फोरलेन फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य– 50 करोड रूपये , रामगिरी पहाडी गांव, उदयपुर को ऑक्सीजन हब बनाते हुए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए डीपीआर– 15 करोड रूपये , पानेरियों की मादडी आवासीय योजना, उदयपुर में 200 फ्लैट्स की योजना – 20 करोड रूपये , कोटडा झाडोल में रोडवेज बस स्टैण्ड संबंधित कार्य , सीवर लाइनों के अंदर सीसीटीवी के द्वारा कंडीशन एसेसमेंट करवाकर क्षतिग्रस्त भाग को बिना सडक की खुदाई करे ट्रेंचलेस मैथ्ड से बदलने का कार्य किया जाएगा। नवरत्न कॉलोनी, उदयपुर में सीवरेज लाइन व कनेक्शन का कार्य। उदयपुर शहर व आसपास के कस्बों में पर्यटन, हैरिटेज, कमांड कंट्रोल सेंटर व बाड प्रबंधन संबंधी कार्य, नाइट टूरिज्म को बढावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन, उदयपुर के धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार व विकास कार्य– 57 करोड, उदयपुर में हॉप ऑन, हॉप ऑफ बस सेवा कानोड में राजकीय महाविद्यालय , उदयपुर में वैदिक गुरूकुल एवं वैदिक पर्यटन केन्द्रों की स्थापना । उदयपुर संभाग में पैरा स्पोर्ट्स के लिए स्पेशल स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स ,उदयपुर संभाग में स्पोर्ट्स स्कूल/कॉम्प्लैक्स संबंधी कार्य, उदयपुर में लेक्रोज एकेडमी की स्थापना, गोगून्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत, उदयपुर मेडिकल कॉलेज में 120 बैड क्षमता के स्पाइनल इंजरी सेंटर की क्षमता वृद्धि। उदयपुर में खुला बंदी शिविर (पेट्रोल पम्प)। माही, जाखम, मंडूर नदी पर एनिकट निर्माण/मरम्मत कार्य, खरताना बांध (मावली) नहरों का निर्माण व मरम्मत कार्य, उदयपुर में नवीन दुग्ध संयंत्र बनेगा उदयपुर में नवीन बाइपास प्रोटीन पशु आहार संयंत्र स्थापित होगा, अमरख महादेव– उदयपुर क्षेत्र में लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्व बनेगा।

### तीन माह से पौषाहार की बकाया राशि की मांग

**डूंगरपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. ऋषिन चौबीसा, देवीलाल पाटीदार, प्रवीण जैन, जिलाध्यक्ष बलवंत बामणिया, जिला मंत्री दिलीपसिंह चौहान एवं जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह चौहान सहित पदाधिकारियों ने मिड–डे–मील आयुक्त के नाम संयुक्त निदेशक को पत्र प्रेषित कर राष्ट्रीय पौषाहार कार्यक्त्रम के त्रियान्विति हेतु तीन माह की बकाया राशि शीघ्र जारी कराने की मांग की है। संगठन की ओर से प्रेषित पत्र में बताया कि जिलें सहित प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों में चल रही विद्यार्थियों की पोषाहार की थाली उधारी की भेंट चढ गई है। स्कूलों को न तो समय पर सामग्री की राशि मिल रही है और न ही समय पर कुक कम हेल्परों को मानदेय मिल रहा है। नवम्बर से जनवरी तक कुल तीन माह से कुकिंग कन्वर्जन राशि बकाया है, जिससे संस्था प्रधानों एवं मिड डे मील प्रभारियों को विद्यालयों में पोषाहार पकाने के लिए आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड रहा है। समय पर पैसा नहीं मिलने से दुकानदार भी उधारी के लिए तकाजा कर रहें है। वहीं दूसरी ओर जिलें के 3 हजार 831 कुक कम हेल्पर का मानदेय भी पिछले तीन माह से बकाया है।समय पर मानदेय नहीं मिलने से अल्प मानदेय पर कार्य कर रहे कुक कम हेल्पर आर्थिक तंगी झेल रहे है। समय पर राशि जमा नहीं होने से भोजन की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। पौषाहार कार्यक्त्रम के सफल त्रियान्वयन हेतु स्कूलों को तीन माह की बकाया राशि अविलम्ब जारी की जाए।

### 'प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण जरूरी'

**उदयपुर,** (कासं)। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में आयोजित संवाद कार्यक्रम कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान : जल संचय जन भागीदारी केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटील के आतिथ्य में स्थानीय होटल शौर्यगढ उदयपुर में बुधवार को आयोजित किया गया।संवाद कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार के प्रदेश समन्वयक और नगर परिषद डूंगरपुर के पूर्व सभापति के के गुप्ता द्वारा जल संचय और जल संरक्षण के विषय पर अपना महत्वपूर्ण प्रेजेंटेशन दिया । उन्होंने कहा कि हमारे आने वाली पीढी के लिए उपलब्ध जल स्त्रोत और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। हमारे जल स्त्रोतों में सबसे मुख्य रूप से जल वर्षा ऋतु के समय आता है। किसी गांव अथवा शहर के पास से प्रवाहित होने वाली नदी में ज्यादा जल वर्ष के समय ही आता है और यदि कहीं पर तालाब अथवा प्राचीन बावडी बनी हुई है वहां जलभराव भी वर्षा जल से ही होता है।

**भुगतान रसीद पुस्तिका के खो जाने की सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता के ध्यान में लाया जाता है कि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड से संबंधित अनुलग्नक ए में उल्लिखित मूल भुगतान रसीदें 02.12.2024 को भीम, आरजे से खो गई हैं। गुम हो गई है और उनका पता नहीं लगाया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति / व्यक्तियों को यह रसीद मिलती है तो उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत नीचे दिए गए पते पर बैंक को रसीदें लौटा दें। इसके अलावा, कोई भी व्यक्ति इन रसीदों से कोई लेन-देन नहीं करेगा और फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड किसी भी तरह से इन रसीदों के किसी भी तरह के दुरूपयोग के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**पता-एयू स्माल फाइनेंस बैंक लि., ग्राउन्ड फ्लोर, आशापुरा मोड, परतापुर-बांसवाडा, रोड, आर.जे., पिन-327022**

अनुलग्नक-ए

| क्रम सं. | खोने की तिथी | रसीद बुक नं. | रसीद नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1 | 17 फरवरी 2025 | 50983 | 1274555 से 1274575 |

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर पालिका, नाथद्वारा**

सं./न.पा.नाथ./90 क/25/17250 **लोक-सूचना** दिनांक :19/02/2025

श्री प्रमोद कुमार गुर्जर पुत्र श्री रमणलाल गुर्जर निवासी पीपली नीचे नाथूवास चौराहा, नाथूवास , नाथद्वारा जिला –राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात–

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| नाथद्वारा जिला–राजसमन्द | नाथद्वारा | 4430/ 3784 | कुल रकबा 0.0539 हैक्टर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90–क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर–भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर–भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 19/02/2025 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा**

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द**

सं. 7945 **लोक-सूचना** दिनांक :19/02/2025

जेनबअ पिता श्री अब्बास अली बोहरा निवासी 32 नजम मार्ग नोहरावाडी उदयपुर तहसील गिर्वा जिला उदयपुर द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात–

| क्र.स. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | धोईन्दा | 3210<br>3225 | रकबा 00–06–00 बिस्वा<br>रकबा 00–16–00 बिस्वा |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90–क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर–भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर–भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ........... को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द**